दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 07 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का विस्तार आज। पटना के गांधी मैदान में हो रहा है शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता समारोह में शामिल होंगे।

03. कर्मचारी राज्य बीमा निगम के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल की आज से शुरूआत। पटना के बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल में जांच शिविर का आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, किशनगंज और बांका समेत आस–पास के क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का आज विस्तार हो रहा है। पटना के गांधी मैदान में होने वाले समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन मंत्रियों को पद और गोपनियता की शपथ दिलायेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार मे भाजपा और जदयू के बारह–बारह सदस्यों के मंत्री पद की शपथ लेने की सम्भावना है। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास से दो तथा हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक–एक मंत्री के कैबिनेट में शामिल होने की सम्भावना है। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा समेत केन्द्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार और एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

–––साउंड बाइट–––

मंत्रिमंडल विस्तार, पिछली सरकार के तय फॉमूले पर होने के आसार है। इसमें ज्यादातर पुराने चेहरों को जगह मिलने की सम्भावना है। कुछ नये चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

विधायकों की संख्या के अनुसार राज्य मंत्री परिषद के सदस्यों की अधिकतम संख्या छत्तीस हो सकती है। आज अट्ठाईस सदस्यों के शपथ लेने की सम्भावना है। इनमें भाजपा कोटे से सम्भावितों में विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडेय, डॉक्टर दिलीप जायसवाल, नीतीश मिश्रा, रमा निषाद, संजीव चौरसिया, रामकृपाल यादव, श्रेयसी सिंह, लखेन्द्र पासवान, संजय सिंह टाईगर, इंजीनियर शैलेन्द्र, मिथिलेश तिवारी और अरूण शंकर प्रसाद के नाम शामिल

हैं। जदयू कोटे से अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, भगवान सिंह कुशवाहा, लेसी सिंह, मदन सहनी, सुनील कुमार, मोहम्मद जमा खान, स्वेता गुप्ता, अतिरेक कुमार और रत्नेश सदा के मंत्री बनाये जाने की सम्भावना है। पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार समेत कुछ नये चेहरे भी मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास से दो तथा हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक–एक मंत्री बनाये जायेंगे। लोजपा–रामविलास से संजय सिंह और संजय पासवान, जबकि हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा से संतोष कुमार सुमन के मंत्री बनने की संभावना है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा से विधायक स्नेहलता को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है।

समाचार कक्ष से अनुपम कुमार

---

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजधानी पटना में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। गांधी मैदान और आस–पास के क्षेत्रों में अस्सी दंडाधिकारियों के नेतृत्व में तीन हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। साथ ही सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए भी निगरानी की व्यवस्था की गई है।

समारोह को देखते हुए पटना की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके चलते सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर बाद तीन बजे तक गांधी मैदान की ओर जाने वाले कई मार्गों पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। शेखपुरा मोड़ से हवाई अड्डा की ओर सभी प्रकार के वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। पटना जंक्शन से डाकबंगला चौराहा की ओर तथा भट्टाचार्य चौराहा से उत्तर गांधी मैदान की ओर भी सभी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगायी गयी है। इसके अलावा भी कई अन्य मार्गों पर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित किया गया है।

---

वहीं, राजधानी पटना के पीएमसीएच और आईजीआईएमएस समेत कई अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पीएमसीएच के अधीक्षक डॉक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दस बेड और एक मेडिकल टीम को अलर्ट पर रखा गया है।

---

श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम–ईएसआईसी से श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल की शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर पटना के बिहटा स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चालीस वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिक स्वास्थ्य जांच करा सकेंगे। यह पहल नए चार श्रम संहिताओं के तहत किए गए सुधारों पर आधारित है, जिनके माध्यम से उनतीस केंद्रीय श्रम कानूनों को चार प्रमुख श्रेणियों में समाहित किया गया है। रसायनों, विषैले पदार्थों और भारी मशीनों के

साथ काम करने वाले खतरनाक कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए उम्र की परवाह किए बिना स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होगी।

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न अदालतों में नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। पटना उच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में इस बार लोक अदालत में ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की भी सुनवाई होगी। बेगूसराय विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव करुणा निधि प्रसाद आर्या ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में बताया कि लोक अदालत में नब्बे दिन पूर्व कटे ट्रैफिक चालान मामलों का निपटारा भी किया जायेगा।

———साउंड बाईट———

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की बहत्तरवीं एकीकृत प्रारंभिक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आज से आवेदन लिये जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तारीख इकतीस मई है। परीक्षा के इस वर्ष जुलाई में होने की सम्भावना है। आयोग की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार बहत्तरवीं संयुक्त परीक्षा में पदों की संख्या एक हजार दो सौ तीस से घटाकर एक हजार एक सौ छियासी कर दी गयी है। आयोग की सूचना के अनुसार बिहार ईख विकास नियमावली दो हजार पच्चीस में बदलाव के कारण गन्ना उद्योग विभाग की ओर से प्राप्त चौवालीस पद हटाये गये हैं।

———————————————————

देश आज ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। पिछले वर्ष सात मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हवाई हमले किए गए थे। इन हमलों में कम से कम सौ आतंकवादी मारे गए थे। यह कार्रवाई पिछले वर्ष बाईस अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए पाकिस्तान प्रायोजित बर्बर आतंकवादी हमले का भारत की ओर से करारा जवाब था। एक रिपोर्ट–

———कट– भानू ———55 सें.

ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य और रणनीतिक शक्ति का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन था, जिसे सैन्य और गैर–सैन्य साधनों के संयोजन से अंजाम दिया गया। इस बहुआयामी अभियान ने आतंकवादी खतरों को प्रभावी ढंग से निष्क्रिय कर दिया, पाकिस्तानी आक्रामकता को रोका और आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य–सहिष्णुता नीति को दृढ़ता से लागू किया। इस अभियान ने अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करते हुए रणनीतिक संयम बनाए रखा। इस अभियान का उद्देश्य आतंकवाद के अपराधियों और योजनाकारों को दंडित करना और सीमा पार आतंकी ढांचे को नष्ट करना था। अभियान के दौरान, भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकी परिदृश्य का गहन विश्लेषण किया और कई आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की। इस अभियान के परिणामस्वरूप नौ प्रमुख आतंकी शिविरों का विनाश, 11 पाकिस्तानी हवाई अड्डों पर हमला और कई प्रमुख आतंकवादियों का खात्मा हुआ। हमले भीषण थे, लेकिन भारत ने उन्हें नैतिक मूल्यों और संयम के साथ अंजाम दिया, केवल आतंकवादी ठिकानों को ही निशाना बनाया और नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया। इस भारी क्षति से आहत होकर पाकिस्तान को युद्धविराम का सहारा लेने के लिए विवश होना पड़ा। नई दिल्ली ने न केवल इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, बल्कि इसने भारतीय वायु सेना, भारतीय सेना और भारतीय नौसेना – इन तीनों बलों के बीच समन्वित कार्रवाई और अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन भी किया। इसने उन्नत रक्षा प्रणालियों के निर्यात में भारत की बढ़ती क्षमताओं को भी प्रदर्शित किया। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का मुख्य उदाहरण और उसकी विनाशकारी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन है। – भानु प्रताप सिंह, आकाशवाणी न्यूज़, दिल्ली।

———————————————————

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ के अवसर पर वीर सैनिकों के अदम्य साहस को नमन किया है। सेना के एडीजी पीआई ने अपने संदेश में देश के प्रत्येक नागरिक का अभिनंदन किया है। जिन्होंने कठिन समय में धैर्य, और अनुशासन के साथ राष्ट्र का साथ दिया। सेना ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं है, बल्कि यह नये भारत की पहचान है जहां साहस, संकल्प, शक्ति के साथ राष्ट्र सर्वोपरि है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज भी बारिश की सम्भावना है। मौसम विभाग ने आज  राज्य के उत्तरी हिस्सों के जिलों पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत आस–पास के क्षेत्र में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान कुछ जगहों पर ओलावृष्टि के भी समाचार हैं। इस बारिश से खेत में लगी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं, पूर्णिया में कल अलग–अलग थाना क्षेत्र में वज्रपात की घटना में दो लोगों की मौत हो गयी।

---

भागलपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या तीन सौ तैंतीस–ए खैरा– सोनो मार्ग पर स्थित मांगो–बंदरपुल और नरियाना पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण दोनों पुलों पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पथ निर्माण विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है।

---

सहरसा जिले के काशनगर थाना क्षेत्र के मौरा भस्ती चौक दरगाह के पास दो मोटरसाईकिल की टक्कर में दो युवक की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, बेगूसराय जिले के गढ़पुरा हसनपुर पथ पर मालीपुर तारा टोला पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार दंपति की मौत हो गयी।

---

पूर्णिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने सौ मोबाइल के साथ पांच अपराधी को गिरफ्तार किया है।

---

सीवान जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के जामोपुर बाजार में आभूषण दुकान से मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने बीस लाख रूपये मूल्य के जेवरात लूट लिये। बाद में भाग रहे अपराधियों में से एक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

---

गया जिले के बोधगया में निरंजना पुल पर बच्चों को ले जा रहा चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। इस हादसे में एक व्यक्ति और छह से अधिक बच्चे गम्भीर रूप से घायल हुये हैं। घायलों का मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सूर्खी है– मोदी की मौजूदगी में मंत्रिमंडल विस्तार आज, अधिकतम तीस मंत्री ले सकते हैं शपथ।

प्रभात खबर ने इसी खबर को तरजीह देते हुये लिखा है – राजनीति के इस बड़े आयोजन में बिहार की लोक संस्कृति की भी दिखेगी झलक, डेढ़ घंटे शहर में रहेंगे पीएम।

दैनिक जागरण लिखता है – बेली ब्रिज का खाका तैयार, विक्रमशिला सेतु पर दो हफ्ते में दौड़ने लगेंगी छोटी गाड़ियां।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है – नौ लाख राज्य कर्मी बैंक से ले सकेंगे सैलरी एडवांस, सरकार लेगी गारंटी।

आज अखबार ने राज्यपाल सैय्यद अता हसनैन के हवाले से लिखा है– चिकित्सा सिर्फ पेशा नहीं, मानवता की सबसे बड़ी सेवा। राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है – सीतामढ़ी मेडिकल अस्पताल का नाम अब माता सीता अस्पताल होगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का विस्तार आज। पटना के गांधी मैदान में हो रहा है शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता समारोह में शामिल होंगे।

03. कर्मचारी राज्य बीमा निगम के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल की आज से शुरूआत। पटना के बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल में जांच शिविर का आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, किशनगंज और बांका समेत आस–पास के क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।